

## बाहुबली के बाद आरआरआर नहीं बनाना चाहते थे राजामौली

मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने देश–विदेश के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया हुआ है। फिल्म कमाई के नए रेकॉर्ड्स बना रही है और इसे काफी पसंद किया जा रहा है। हालांकि आपको जानकर ताज्जुब होगा कि इससे पहले बाहुबली जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले राजामौली आरआरआर को बनाना ही नहीं चाहते थे। यह बात मशहूर थिएटर और फिल्म ऐक्टर मकरंद देशपांडे ने बताई है। मकरंद देशपांडे ने आरआरआर में भी एक भूमिका निभाई है। राजामौली के साथ काम करने के एक्सपीरियंस पर उन्होंने लिखा, एक दिन मुझे राजामौली के ऑफिस से कॉल आया। उन्होंने कहा कि राजामौली एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में मुझसे मिलने चाहते हैं। उन्होंने मुझे एक फ्लाइट टिकट भेजा और मैं मिलने पहुंच गया। मैंने अपने बाल कटवा दिए थे तो राजामौली को देखकर ताज्जुब हुआ। उन्हें मैं चाहिए था, मेरी हेयरस्टाइल नहीं। वहीं पर विग लगाकर मेरा मेकअप किया गया।मकरंद ने आगे बताया, वहां पर राम चरण भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि वह मुझसे ही मिलने के लिए आए। राम चरण को मेरा काम पसंद आता है। जब मुझे पता चला कि साउथ का स्टार मुझसे मिलना चाहता है तो मुझे बड़ी खुशी हुई।

## मलाइका अरोड़ा दे रही थीं पोज, तभी सामने आ गया छोटा–सा बच्चा

मलाइका अरोड़ा अपने सिजलिंग लुक्स और फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। लाखों लोग उनके दीवाने हैं। सिर्फ यंग ही नहीं, एक छोटा–सा बच्चा भी उनका फैन है। ऐसा हम नहीं कर रहे, बल्कि इस वायरल वीडियो में ये साफ देखने को मिल रहा है। ये वीडियो हाल ही में हुए एक इवेंट का है। मलाइका पपराजी को पोज दे रही थीं, तभी उनके सामने ये छोटा–सा फैन आ गया। इसके बाद जो कुछ भी हुआ, वो बहुत मजेदार है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है। ब्लैक कलर के गाउन में मलाइका बेहद स्टनिंग दिख रही हैं। वो पपाराजी को पोज दे रही थीं, तभी अचानक सामने से छोटा बच्चा आ गया। मलाइका ने बहुत ही प्यार से बच्चे से हाथ मिलाया और उसके सिर पर भी हाथ फेरा। इस दौरान मलाइका ने मजेदार अंदाज में बच्चे से पूछा, क्या तुम मेरे डेट हो? ये सुनकर वहां मौजूद सभी लोग मुस्कुरा दिए। हालांकि, वो ये पूछती भी नजर आईं कि ये किसका बच्चा है और कहीं ये खो तो नहीं गया है। मलाइका ने बच्चे पर जिस तरह से प्यार लुटाया, वो देख फैंस उनकी दीवानी हो गई है। उनके वीडियो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है।

## पलक तिवारी के सामने फीकी पड़ीं जाह्नवी–कियारा



पलक तिवारी की तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। लोग उन्हें पसंद करते हैं। कम उम्र में ही उन्होंने तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली है। पलक ने रेड कार्पेट पर सिल्वर गाउन पहनकर शिरकत की। वो फिगर–हगिंग गाउन में अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करती दिखाई दीं। उनकी फोटोज और वीडियो वायरल हो रहे हैं। हाल ही में मुंबई में ग्रासिया मिलेनियल अवॉर्ड्स आयोजित हुआ, जिसमें जाह्नवी कपूर, कियारा आडवाणी, तापसी पन्नू, तेजस्वी प्रकाश, हरनाज संधू सहित कई हसीनाओं ने शिरकत की। उन्होंने अपने गॉर्जियस लुक्स से शो में चार चांद लगा दिए, लेकिन टीवी ऐक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने सारी लाइमलाइट चुरा ली। उनकी फोटोज और वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। पलक तिवारी की तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। लोग उन्हें पसंद करते हैं। कम उम्र में ही उन्होंने तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली है। पलक ने रेड कार्पेट पर सिल्वर गाउन पहनकर शिरकत की। वो फिगर–हगिंग गाउन में अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करती दिखाई दीं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी ड्रेस जाह्नवी की ड्रेस से काफी मिलती–जुलती थी। फर्क बस इतना था कि जाह्नवी ने स्लीवलेस ड्रेस पहनी तो पलक ने ऑफ–शोल्डर और थाई–हाई स्लिट।

# कंगना रनौत ने जमकर की आलिया भट्ट की आरआरआर की तारीफ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वो हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय भी देती हैं। पिछले दिनों विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स की तारीफ करने के बाद अब उन्होंने राजामौली की ब्लॉकबस्टर मूवी आरआरआर पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने मूवी के डायरेक्शन से लेकर स्टार कास्ट तक की जमकर तारीफ की है, लेकिन इस फिल्म में सीता का किरदार निभाने वाली आलिया भट्ट का एक बार भी नाम नहीं लिया! कंगना रनौत के दो वीडियो हैं, जिसमें वो आरआरआर फिल्म और डायरेक्टर राजामौली की तारीफ करते नहीं थक रही हैं। एक वीडियो उन्होंने खुद शेयर किया है और दूसरे में वो पपाराजी के सवालों का जवाब देती दिखाई दे रही हैं।*

**आलिया पर साधा था निशाना**

दिलचस्प बात ये है कि ऐक्ट्रेस ने जो वीडियो खुद शेयर किया है, उसमें उन्होंने राम चरण और जूनियर एनटीआर का नाम लिया, लेकिन यहां भी आलिया भट्ट का जिक्र तक नहीं किया। आपको याद ही होगा कि कंगना और बॉलिवुड इंडस्ट्री के बीच जंग छिड़ी रहती है। कंगना ने कुछ महीने पहले रिलीज हुई आलिया भट्ट पर उनकी मूवी गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर निशाना साधा था। इस मूवी के डायरेक्टर संजय लीला भंसाली थे।

**आरआरआर को लेकर कही ये बात**

अब कंगना इस वीडियो में कह रही हैं, कल मैंने अपने परिवार के साथ फिल्म आरआरआर देखी। वैसे इस फिल्म को किसी के प्रचार की जरूरत नहीं है। ये पहले से ही बने रिकॉर्ड तोड़ रही है और नए रिकॉर्ड बना रही है, लेकिन देशभक्ति की भावना से भरी हुई ये फिल्म, देश की संस्कृति, अस्मिता, गरिमा और एकता को बढ़ावा देती हुई, अच्छे आर्ट को, कल्चर को बढ़ावा देती हुई ये फिल्म जब भी कोई सच्चा भारतीय देखेगा तो वो यही चाहेगा कि इसकी प्रशंसा में दो शब्द कहे।



**गुमनाम हीरोज का किया जिक्र**

ऐक्ट्रेस ने आगे गुमनाम हीरोज के बारे में बात की है। वो कहती हैं, श्साउथ के जो ये दो हीरोज, हमारे स्वतंत्रता सेनानी हुए हैं, भीम और राम, इनकी ये कहानी देखकर हमें ये लगता है कि ऐसे न जाने कितने गुमनाम हीरोज रहे होंगे, लेकिन आज की दुनिया में भी ऐसे बहुत सारे गुमनाम हीरोज हैं, जिनके बारे में मेनस्ट्रीम मीडिया आपको कभी नहीं बताएगी।

**राइटर की तारीफों के बांधे पुल**

कंगना ने आरआरआर के राइटर के तारीफों के पुल बांध दिए हैं। उन्होंने कहा, फिल्म के जो राइटर हैं, केवी विजयेंद्र प्रसाद जी, उन्होंने आज तक की सबसे सफल फिल्में हमारी इंडस्ट्री को दी हैं। 80 साल की उम्र में भी वो इंडिया के सबसे बिजी राइटर हैं। बाकी लोग स्क्रिप्ट 6 महीने, 2 साल, 5 साल या 10 साल में लिखते होंगे, लेकिन वो 15 दिन में ही लिख देते हैं। उनको जब भी मिलते हैं तो इंसान पैशन से भर जाता है। मुझे लगता है कि हमारी इंडस्ट्री में उनसे ज्यादा पद्म विभूषण या उससे भी बढ़कर जो सम्मान होता है, वो डिजर्व नहीं करता। ये उनकी जरूरत नहीं है। ये हमारी जरूरत है। हम युवाओं की जरूरत है कि हमारे पास ऐसे आदर्श हों, ताकि आगे चलकर इंडस्ट्री में ऐसे और लोग आए।

**स्टार कास्ट की तारीफ**

वीडियो के आखिरी में कंगना ने फिल्म की स्टार कास्ट को भी सराहा है। वो बोलीं, इस फिल्म के हर कलाकार ने बहुत अच्छा काम किया है। एनटीआर जी, राम चरण जी... बहुत बेहतरीन काम किया है। इस फिल्म के जो डायरेक्टर हैं एसएस राजामौली जी, उनके बारे में तो क्या ही कहें। उनकी तारीफ करना भी ऐसे होगा, जैसे सूरज को दीया दिखाने जैसी बात होगी। आरआरआर के लिए थैंक्यू।

# जूनियर एनटीआर की शादी में हुआ था बड़ा बखेड़ा



*नंदमूरी तारक रामा राव उर्फ जूनियर एनटीआर इन दिनों एसएस राजामौली की आरआरआर की सफलता को लेकर चर्चा में हैं। जूनियर एनटीआर के पिता भी मशहूर फिल्मकार, प्रोड्यूसर, राजनेता और इंडियन ऐक्टर रहे हैं। वहीं जूनियर एनटीआर के दादा भी लोगों के लिए भगवान रहे हैं जिन्हें लोग ईश्वर का दर्जा दिया करते थे और देवता के समान पूजा करते थे। जूनियर एनटीआर के दादा रामाराव समाज सुधार रहे जिन्होंने टीडीपी यानी तेलुगु देशम पार्टी की स्थापना की थी।*

**15 हजार गेस्ट और चलानी पड़ गईं 9 ट्रेन**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जूनियर एनटीआर और लक्ष्मी की शादी में करीब 15 हजार गेस्ट ने शिरकत ली थी। फिल्म हस्तियों से लेकर देशभर के उद्योगपति और राजनेता इस जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इनके स्टारडम का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि एक कार्यक्रम में दोनों को देखने के लिए 10 लाख लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा तो और इस वजह से सरकार को नौ स्पेशल ट्रेन तक चलानी पड़ गई थी।

**सबसे महंगी शादियों में से एक**

जूनियर एनटीआर की शादी सबसे महंगी शादियों में से एक मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री रामाराव के पोते जूनियर एनटीआर की शादी में करीब 100 करोड़ रुपये का खर्चा किया गया था। साज–सज्जा से लेकर कॉस्ट्यूम पर करोड़ों रुपये बहाए गए थे। बताया जाता है कि दुल्हन की साड़ी पर एक करोड़ और मंडप सजाने के लिए 18 करोड़ का खर्च किया गया था।

**टीवी पर शादी का लाइव प्रसारण!**

जूनियर एनटीआर की शादी को लेकर कहा जाता है कि दोनों की शादी को लोकल चैनल पर प्रसारित भी किया गया था। बड़े बड़े दिग्गजों को ही नहीं बल्कि जूनियर एनटीआर के सबसे चहेते फैंस को भी एंट्री मिली थी। गॉसिप्स की मानें तो इस शादी में 12 हजार फैंस शामिल हुए थे।

**कौन हैं जूनियर एनटीआर की पत्नी लक्ष्मी प्रनथी**

जूनियर एनटीआर की पत्नी लक्ष्मी प्रनथी मशहूर बिजनेसमैन श्रीनिवास राव की बेटी हैं। वह तेलुगू समाचार चौनल स्स्टूडियो एनश् की मालकिन भी है। दोनों के दो बेटे हैं। दोनों के बीच दस साल की उम्र का अंतर भी है। कहा जाता है कि जूनियर एनटीआर की शादी में बवाल भी हो गया था। ये बवाल था लक्ष्मी की उम्र को लेकर।